भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 19

दिनांक 02.02.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

विदेशों में भारतीय विद्यार्थियों की सुरक्षा

***19. श्री जयदेव गल्लाः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विदेशों में भारतीय छात्रों को जागरूक करने और उनके कल्याण के लिए कोई योजना/पहल शुरू की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान विश्वभर के विशेषकर अमरीका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी और आस्ट्रेलिया के विदेशी विश्वविद्यालयों मे पढ़ने वाले उन भारतीय छात्रों की आन्ध्र प्रदेश सहित राज्य–वार कुल संख्या कितनी है जिनकी मृत्यु हो गई/जिन्हें मारा गया है; और

(ग) क्या सरकार की विश्वभर में संभावित/मौजूदा संघर्ष– संभावित क्षेत्रों में भारतीय छात्रों की सुरक्षा और संरक्षण के संबंध में कोई मौजूदा नीति है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों के दौरान संघर्ष क्षेत्रों से बचाए गए भारतीय छात्रों की आन्ध्र प्रदेश सहित राज्य–वार कुल संख्या कितनी है?

उत्तर
विदेश मंत्री
(डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर)

(क) से (ग) विवरण सदन पटल पर रख दिया गया है।

****

'विदेशों में भारतीय विद्यार्थियों की सुरक्षा' के संबंध में 02.02.2024 को उत्तरार्थ लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या 19 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

विदेशों में भारतीय छात्रों का कल्याण भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। विदेशों में भारतीय मिशन/केंद्र विदेशी विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए नामांकित छात्रों के लिए स्वागत समारोह आयोजित करते हैं, उन्हें मिशनों/केंद्रों के साथ पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। विदेशों में जहां भी भारतीय छात्र विश्वविद्यालयों में नामांकित हैं, मिशन उनके साथ नियमित संपर्क में रहते हैं। मिशन/केंद्र प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी भारतीय छात्रों और छात्र संघों के साथ नियमित बातचीत के लिए विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों का दौरा करते हैं।

विदेशों में भारतीय मिशन/केंद्र प्राथमिकता के आधार पर भारतीय छात्रों के समक्ष आने वाले किसी भी मुद्दे के समाधान हेतु कार्रवाई करते हैं। शिकायतों पर कॉल, वॉक-इन, ई-मेल, सोशल मीडिया, 24x7 हेल्पलाइन, ओपन हाउस और मदद पोर्टल जैसे विभिन्न माध्यमों से कार्रवाई की जाती है। विदेश में छात्रों से प्राप्त किसी भी शिकायत को अपेक्षित कार्रवाई के लिए, जैसा भी मामला हो, संबंधित विश्वविद्यालयों/शैक्षणिक संस्थानों और मेजबान सरकार के समक्ष उठाया जाता है। हमारे मिशन और केंद्र सतर्क रहते हैं और छात्रों की भलाई से जुड़े मामलों पर गहनता से नजर बनाए रखते हैं। यदि कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसे तुरंत मेजबान देश के संबंधित प्राधिकारियों के साथ उठाया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि घटना की उचित जांच हो और अपराधियों को दंडित किया जाए। आपातकालीन या संकट की स्थितियों के दौरान, विदेशों में हमारे मिशन/केंद्र संकटग्रस्त/फंसे हुए भारतीय छात्रों को भोजन, आश्रय, दवा और भारत वापसी यात्रा सुविधा प्रदान करने में सक्रिय रूप से मदद करते हैं। ऑपरेशन गंगा और ऑपरेशन अजय हाल ही में शुरू किए गए अभियानों के दो उल्लेखनीय उदाहरण हैं जिनके माध्यम से सरकार ने भारतीय छात्रों को निकाला।

मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार विदेशों में 2018 से विभिन्न कारणों से भारतीय छात्रों की मृत्यु की 403 घटनाएं हुई हैं जिनमें प्राकृतिक कारण, दुर्घटनायें और बीमारियाँ शामिल हैं। विदेश में भारतीय छात्रों की मृत्यु का देश-वार विवरण 'अनुबंध-क' पर दिया गया है।

मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार पिछले तीन वर्षों के दौरान 23,906 भारतीय नागरिकों को संघर्ष वाले क्षेत्रों से सुरक्षित निकाला गया है, जिसमें छात्र भी शामिल हैं। विदेश से सुरक्षित निकाले गए भारतीय नागरिकों का राज्य-वार विवरण 'अनुबंध -ख' पर दिया गया है।

*****

अनुबंध– क

2018 से अब तक विदेश में भारतीय छात्रों की मृत्यु का देशवार विवरण		
क्र.सं.	**देश**	**घटनाओं की संख्या**
1	ऑस्ट्रेलिया	35
2	बांग्लादेश	4
3	बेल्जियम	1
4	बुल्गारिया	1
5	कनाडा	91
6	चीन	9
7	साइप्रस	14
8	चेक रिपब्लिक	3
9	मिस्र	3
10	फिनलैंड	4
11	फ्रांस	4
12	जर्मनी	20
13	गुयाना	1
14	इटली	10
15	कजाखस्तान	5
16	केन्या	1
17	कोरिया (आरओके)	3
18	किर्गिस्तान	9
19	माल्टा	1
20	नॉर्वे	1
21	पाकिस्तान	1
22	फिलिपींस	10
23	कतर	9
24	रोमानिया	2
25	रूस	40
26	दक्षिण अफ्रीका	1
27	स्पेन	3
28	सूरीनाम	3
29	स्वीडन और लातविया	2
30	स्विट्ज़रलैंड	1
31	ताइवान	6
32	यूक्रेन	21
33	यूके	48
34	यूएसए	36
कुल		403

अनुबंध– ख

विदेश से वापस लाए गए भारतीयों का राज्यवार विवरण

क्र.सं.	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	लोगों की संख्या
1	अंडमान एवं निकोबार	4
2	आंध्र प्रदेश	833
3	अरुणाचल प्रदेश	1
4	असम	86
5	बिहार	1402
6	चंडीगढ़	53
7	छत्तीसगढ़	219
8	दादर और नगर हवेली	5
9	दमन एवं दीव	5
10	दिल्ली	744
11	गोवा	21
12	गुजरात	1546
13	हरियाणा	1503
14	हिमाचल प्रदेश	332
15	जम्मू और कश्मीर	138
16	झारखंड	233
17	कर्नाटक	1072
18	केरल	3636
19	लक्षद्वीप	4
20	मध्य प्रदेश	446
21	महाराष्ट्र	1470
22	मणिपुर	47
23	मेघालय	42
24	मिजोरम	2
25	नागालैंड	9
26	ओडिशा	503
27	पुदुचेरी	35
28	पंजाब	680
29	राजस्थान	1054
30	सिक्किम	37
31	तमिलनाडु	1854
32	तेलंगाना	866
33	त्रिपुरा	32
34	उत्तर प्रदेश	2862
35	उत्तराखंड	295
36	पश्चिम बंगाल	643
37	अन्य (राज्य विनिर्दिष्ट नहीं)	1192
	कुल	23906

*****